## सार-समाचार

### बाइक चुराने वाले दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)।कोतवाली थाना पुलिस ने 2 शातिर चोर गिरफ्तार किए हैं। दोनों ने सदर थाना चौराहे से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया की कपिल कुमार परमार पुत्र मगनलाल परमार निवासी डाबेला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की वह सदर थाना के पीछे स्थित सरकारी क्वार्टर में अपने दोस्त प्रकाश के साथ रहता है। 26 सितंबर को शाम के समय वह सदर थाना चौराहे पर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बाहर बाइक खडी कर पढाई करने अंदर गया था। करीब घण्टे भर बाद पढाई कर वापस बाहर आया। उसकी बाइक गायब थी, आसपास कई जगह पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई पता नही लगा। इस पर उसने बाइक चोरी का केस कोतवाली थाने में दर्ज करवाया था। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी।थानाधिकारी ने बताया ने मामले में मुखबिर तंत्र से बदमाशों के बारे में पता लगाया। वहीं, 2 बदमाशों मोतीलाल पुत्र गंगाराम कटारा निवासी भाटपुर और दिनेश पुत्र काबू कटारा मीणा निवासी भाटपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों ने बाइक चोरी की वारदात कबूल कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है।

### भील योद्धा खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**कपासन,** (निसं)। राणा पूंजा भील सेना की स्थानीय उपशाखा की ओर से भील समाज की तीन दिवसीय भील योद्धा राणा पूंजा खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को शुरू हुई। जिसमें कबड्डी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स की स्पर्धाऐं होगी। आज कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता में कबड्डी की 14 ओर वॉलीबॉल की 9 टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें एथलेटिक्स सहित लगभग 275 खिलाड़ी शामिल हैं। कबड्डी का उद्घाटन मैच रूपपुरा और करुकड़िया के बीच हुआ। जिसमें करुकड़िया ने जीत हासिल की। जिला सचिव भैरूलाल कल्याणपुरा ने बताया कि वीर योद्धा राणा पूजा की जयंती के उपलक्ष में भील समाज की विधानसभा क्षेत्र की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राणा पूंजा भील सेना के संस्थापक बालूराम सिंहपुर थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कालूराम राणा ने की।

### बाल मजदूरी कराने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने बच्चे से मजदूरी करवाने वाले होटल मालिक को गिरफ्तार किया है। होटल मालिक ने 8 हजार रुपए की मंथली पर बच्चे मजदूरी करने के लिए रखा था। कोर्ट ने आरोपी होटल मालिक को जेल भेज दिया है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया की बालश्रम के खिलाफ विशेष अभियान उमंग 3 के तहत 7 जून को कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ओर चाइल्ड हैल्प लाइन की टीम ने होटल, ढाबों की तलाशी ली। इस दौरान शहर के नया बस स्टैंड पर एक होटल से बालश्रम करते एक नाबालिग को डिटेन किया। मामले में पुलिस ने होटल मालिक के खिलाफ बालश्रम में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया की बालश्रम करवाने वाले आरोपी होटल मालिक बजरंग पुत्र रामप्रताप कुमार कुम्हारए निवासी सुरधना चौहान थाना देशनोक बीकानेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी होटल मालिक को कोर्ट में पेश किया। जिसे जेल में भेज दिया है।

### विवाहिता का शव कुएं में मिला

**कपासन,** (निसं)। कपासन में तीन दिन से लापता विवाहिता का शव कुएं में मिला। पुलिस ने पीहर पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पीहर और ससुराल पक्ष ने किसी भी शंका से इनकार किया हैं। एएसआई रतनलाल ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद गांव लांगच निवासी लीला (32) पत्नी अंबालाल कुम्हार का शव बिना मुंडेर के कुएं में मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ठामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। ये कुआं उसके खेत के रास्ते में पड़ता हैं। शव को कपासन हॉस्पिटल लाया गया।विवाहिता के पीहर पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया। परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृतका के पीहर और ससुराल पक्ष ने किसी भी शंका से इनकार किया हैं।मृतका के पति ने दी रिपोर्ट में बताया कि 1 अक्टूबर मंगलवार को शाम के समय उसकी पत्नी सिजारे के खेत पर गई थी। जो वापस नहीं लौटी। जिसकी आस पास और रिश्तेदारी में भी तलाश की गई। उसकी गुमशुदी भी दर्ज करवाई गई थी। तलाशी के दौरान एक कुएं में उसका शव दिखाई दिया।

### स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा कल

**उदयपुर,** (कासं)।। राजस्थान कर्मचारी बोर्ड की ओर से 5 अक्टूबर को स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा उदयपुर जिले में 75 केन्द्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा में 26759 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30० बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। प्रशासन ने 114 ऑब्जर्वर 150 केन्द्राध्यक्ष और उपसमन्वयक की ड्यूटी लगाई गई है।यह परीक्षा इंडो अमेरिकन पब्लिक स्कूल बलीचा, राबाउमावि नाई,राउमावि देबारी, विद्याभवन स्कूल रामगिरी आदि सेंटर पर होगी। अभ्यर्थी इस बार परीक्षा में फुल आस्तीन की शर्ट पहनकर आ सकेंगे। आपको बतादे कि हाल ही हुई सीईटी एग्जाम में फुल आस्तीन शर्ट पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों की शर्ट कैंची से काट दी गई थी। जिसके बाद बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री शर्मा आज बांसवाड़ा दौरे पर

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को बांसवाड़ा दौरे पर रहेंगे। सीएम सुबह 9.55 बजे विशेष विमान से बांसवाड़ा के तलवाड़ा हवाई पट्टी पहुंचेंगे। वे यहां से हेलीकॉप्टर से त्रिपुरा सुंदरी हेलीपेड पहुंचकर दर्शन करेंगे। दर्शन पश्चात सीएम पुनः हेलीकॉप्टर से मानगढ़ धाम आएंगे और 12.30 बजे धूणी दर्शन के लिए जाएंगे। वे 2.55 बजे मानगढ़ धाम स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित करेंगे और 3.10 बजे मानगढ़ धाम पर आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में शरीक होंगे। मुख्यमंत्री शाम 5.40 बजे तलवाड़ा हवाई पट्टी से विशेष विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# 'सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका'

- राजसमंद के कुंवारिया में जोहिडा भेरूजी विशाल पशु मेले का उद्घाटन
- मेले में सांचौर जिले से ढाई लाख रुपए कीमत की मुर्रा भैंस बनी आकर्षण का केंद्र

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के कुंवारिया में 63वें जोहिडा भेरूजी विशाल पशु मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट, विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, एसडीएम बृजेश गुप्ता, विकास अधिकारी महेश गर्ग, तहसीलदार ललित यादव, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, देऊबाई खटीक, रीना कुमावत, प्रधान अरविन्दसिंह राठौड, उपप्रधान सुरेश कुमावत, समाजसेवी माधवलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष संपतनाथसिंह चौहान, मुकेश जोशी, चंद्रशेखर बागोरा, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जवाहरलाल जाट, जिला मंत्री नानालाल सिंघल, पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, कृषि मंडी अध्यक्ष डालचन्द कुमावत के सानिध्य में हुआ।

विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि मुख्य प्रवेश द्वार पर अतिथियों ने फीता काटकर जोहिडा भेरूजी व जोगणिया माता पूजन के बाद मेले के संस्थापक पूर्व प्रधान कैप्टन दौलतसिंह राठौड, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष निरंजन नाथ आचार्य, पूर्व सरपंच तेजसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। ढोल -नगाडे, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन, जोहिडा भेरूजी के जयकारों के बीच मेला ध्वज फहराकर मेले का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान अतिथियों सहित पंसस कुसुम तातेड, प्रकाश पालीवाल, सुरेश कुमावत, विजय गुर्जर, पुष्पा पूर्बिया, भेरूलाल जोशी, भंवरलाल गुर्जर, महेश आचार्य, कालुसिंह राठौड, हरिसिंह राठौड करेडा, सरपंच लहरीलाल दवे, तुलसीराम बागोरा, ललित श्रीमाली, हिम्मतसिंह चुंडावत, बंशीलाल चोपडा, केशुलाल सालवी, प्रहलादसिंह चारण, भंवरलाल सरगरा, रमेश देराश्री का प्रधान अरविन्दसिंह राठौड, उप प्रधान सुरेश कुमावत, लेखा अधिकारी प्रेमचंद बंशीवाल, मनोज शर्मा ने पगडी और उपरना ओढाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट ने पिछले 63 वर्षों से चल रहे मेले की परम्पराओं से अवगत कराया व अधिक से अधिक संख्या में आकर मेले का आनन्द उठाने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, समाजसेवी माधवलाल चौधरी ने कैप्टन दौलतसिंह राठौड व पूर्व प्रधान व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आचार्य निरंजन नाथ को याद करते हुए कहा कि इस मेले का शुभारंभ करने में इनकी महती भूमिका थी।

जिसे आगे तक हमें कायम रखना है और पूर्ण उल्लास के साथ पांच दिवसीय मेले का आयोजन कर इसे रोचक बनाना है तथा अधिक से अधिक लोगों का आगमन हो और पूर्ण उल्लास से मेले में लुत्फ उठाए। आभार उपप्रधान सुरेश कुमावत ने ज्ञापित किया। मेले में सांचौर जिले से ढाई लाख रुपए कीमत की मुर्रा भैंस सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। संचालन शिक्षाविद दिनेश श्रीमाली ने किया।

### श्रमदान कर मनाया स्वच्छता दिवस

**कपासन,** (निसं)।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने श्रमदान कर जयंती को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाई।नगर कांग्रेस प्रवक्ता और युवा कांग्रेस जिला महासचिव विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर लाल प्रजापत की अध्यक्षता में गांधी वाटिका में कार्यक्रम आयोजित हुआ। गांधी की मूर्ति पर और शास्त्री की तस्वीर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला अर्पित किए। स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे होने नगर। पालिका में स्वच्छ भारत दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पारितोषिक वितरण और सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व कीट वितरित किए। राष्ट्रपिता पिता महात्मा गांधी और शास्त्री को पुष्पांजलि दी गई। नगर पालिका में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी, अध्यक्षता नपा ईओ भानुप्रताप सिंह ने की विशिष्ठ अतिथि नपा उपाध्यक्ष ऐजाज अली, अध्यक्ष पंकज सिरोया आदि मौजूद रहे।

## हिंदुस्तान जिंक को मिला पुरस्कार

- कंपनी को '5 हजार करोड रुपये से अधिक टर्नओवर कॉर्पोरेट' श्रेणी के तहत मिला पुरस्कार

**उदयपुर,** (कासं)। भारत की सबसे बडीऔर दुनिया की दूसरी सबसे बडी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक को नई दिल्ली में आयोजित 5 वें टीआईओएल टैक्सेशन पुरस्कार 2024 में '5 हजार करोड रुपये से अधिक टर्नओवर कॉर्पोरेट' श्रेणी में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। टीआईओएल टैक्सेशन पुरस्कार उद्योग अग्रणी मंच है जो कर पारदर्शिता और रिपोर्टिंग में श्रेष्ठ कार्य पद्धति को मान्यता देता है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और तमिलनाडु के आईटी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पी. त्याग राजन द्वारा प्रदान किया ।

इस पुरस्कार हेतु ज्यूरी में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.के. पटनायक और न्यायमूर्ति एस.के. सिंह, पूर्व केंद्रीय राजस्व सचिव तरुण बजाज, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सी.के. मिश्रा, पूर्व सीबीडीटी अध्यक्ष एम.सी. जोशी, बिजनेस स्टैंडर्ड के संपादकीय निदेशक अशोक भट्टाचार्य, पूर्व उपाध्यक्ष आईटीएटी प्रमोद कुमार,, पूर्व सीबीआईसी सदस्य एस.एम. भटनागर, पूर्व भारतीय प्रतिनिधि, संयुक्त राष्ट्र संघ राजदूत अजीत कुमार एवं पूर्व सीबीडीटी अध्यक्ष गिरीश महापात्रा थे। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ. सी. रंगराजन और डॉ. वाई.वी. रेड्डी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी और भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन. वेंकटरमन भी उपस्थित थे।

हिंदुस्तान जिंक राष्ट्र निर्माण के लिए हेतु प्रतिबद्ध है एवं धातु की कीमतों मेंउतार-चढाव और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बावजूद सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का समर्थन जारी रखे हुए है। कंपनी अपने स्वैच्छिक कर प्रकटीकरण पर गर्व करती है, जो भारत के आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक-आर्थिक कल्याण में इसके योगदान को दर्शाता है अपने कर योगदान की सक्रिय रूप से जानकारी देकर कंपनी आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को मजबूत करती है, हितधारकों का विश्वास बनाती है और कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखती है।

इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने पर, हिंदुस्तान जिंक के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि, टैक्सेशन देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारी जिम्मेदार कर प्रथाएं उद्योग संवाद को बढाती हैं, और एक कॉर्पोरेट के रूप में, हम अपने कर दृष्टिकोण में शासन और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन करने में गर्व महसूस करते हैं। यह पुरस्कार पारदर्शी कर प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य वित्तीय अधिकारी संदीप मोदी ने कहा कि, सस्टेनेबिलिटी और जिम्मेदारी पर जोर देने के साथ वैश्विक व्यापार परिदृश्य विकसित हो रहा है। हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा कर पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है, टैक्सेशन कार्य पद्धति और रिपोर्टिंग में उद्योग के अग्रणी मानकों को बनाए रखा है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, कंपनी ने राजकीय कोष में 13,195 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो इसके कुल राजस्व का लगभग 46 प्रतिशत है। विगत पांच वर्षों में, इसका संचयी योगदान 77,803 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## जेल में अपराधी सुधार दिवस मनाया

**उदयपुर,**(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उदयपुर की ओर से समाज कल्याण सप्ताह के अर्न्तगत अपराधी सुधार दिवस पर कार्यक्रम का केन्द्रीय कारागृह उदयपुर में आयोजित किया गया। अणुव्रत समिति उदयपुर के मुनि सुरेश कुमार के सहवर्ती मुनि सम्बोधन कुमार 'मेघांश' ने कहा की आदमी अच्छा या बुरा नहीं होता।

वह अपने कर्म के पिछे पिछे चलता है। वह कारागृह में क्यों आया उस कारण को ढूढ ले तो देश में कारागृहों की जरूरत हीं नही होगी। इस अवसर पर अपरध्ध मुक्त जीवन के प्रयोग करवाते हुए जिंदगी को गंदगी में नहीं बंदगी में बिताने की बात कही। इस अवसर पर अणुव्रत का संकल्प कराते हुए छोटे छोटे नियमों की जानकारी दी। जिनके बल पर महानता के चरम शिखर पर पहुंच जाता है। मुनी ने बंदियों से नोट, वोट, कोट नहीं जिंदगी की खोट लेने आने कीबात कही। मुनि की प्रेरणा से बंदियों ने अपराध मुक्त नशा मुक्त जीवन जीने एवं कैसी भी परिस्थिति में दुबारा जेल नहीं आने का संकल्प लिया । इस अवसर पर नशा एवं अपराध मुक्त जीवन जीकर समाज की मुख्य धारा का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हर्षित पंचोली ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर बंदी परमेश्वर ने कारागृह की व्यवस्थाओं एवं बंदियों में हुए सुधार की जानकारी देते हुए जेलअधीक्षक एवं जेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर जेल अधीक्षक राजपालसिंह, अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने जेल में हुई केरम, वॉलीवॉल व अन्य खेल प्रतियोगिता विजेता बंदियों को पुरस्कृत कर मोमेण्टो दिए।

## सार-समाचार

### राजमहल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**उदयपुर,**(कासं)। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड के आमंत्रण पर गुरुवार को दोपहर 2.20 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजमहल उदयपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राजमहल आगमन पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने मेवाडी परंपरानुसार स्वागत कर आभार प्रकट किया। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह का भी आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति द्रौपदी के साथ राजमहल पहुंचे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा की भी अगवानी की गई। इस दौरान डॉ. लक्ष्यराज सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू के बीच वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, राणा सांगा सहित मेवाड के प्रतापी महाराणाओं के त्याग, बलिदान, शौर्य, पराक्रम, स्वाभिमान के गौरवशाली इतिहास और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर करीब डेढ घंटे तक मंथन हुआ। डॉ. लक्ष्यराज सिंह और राष्ट्रपति मुर्मू के बीच मेवाड और उडीसा के रिश्तों पर भी चर्चा हुई। क्योंकि, राष्ट्रपति द्रौपदी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी मूलतः उडीसा की निवासी हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह के ससुर पटना-बलांगीर रियासत के पूर्व महाराजा कनकवर्धन सिंह देव उडीसा की वर्तमान भाजपा सरकार में डिप्टी सीएम हैं और सासू मां संगीता कुमारी सिंह देव बलांगीर लोकसभा से लगातार 5 वीं बार भाजपा की सांसद हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी, डिप्टी सीएम कनकवर्धन और सांसद संगीता की इकलौती बेटी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर 3.34 बजे राजमहल से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक के लिए रवाना हुईं।

### देवरे की मूर्तियां तोड़ने वाला गिरफ्तार


**उदयपुर,**(कासं)। स्वरूपसागर पर स्थित देवरे की मूर्तियां तोड़ने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 2 अक्टूबर को रामचन्द्र पुत्र भंवरलाल रजवानिया निवासी एमएम वीएम के पीछे अम्बावगढ ने हाथीपोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि समाज का स्वरूपसागर पर कालाजी गोराजी का देवरा है। मैं वहां सेवा पूजा करता हूं। 1 अक्टूबर को मैं सेवा पूजा कर घर चला गया। दूसरे दिन सवेरे समाज जनों ने देवरे की मूर्तियां तोड़ने की सूचना दी। इस पर समाज जनों ने मौके पर पहुंच कर प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचंद्र के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एएसआई निर्भयशंकर मय टीम ने संदिग्ध को दबोच पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिलहरन पटेल पुत्र जगनुराम पटेल निवासी मस्तुरी पुलिस थाना पचपेड़ी बिलासपुर छत्तीसगढ होना बताया। घटना के संबंध में पूछताद करने पर बताया कि एक वर्ष से शहर में मजदूरी करने आने तथा गत छह सात दिन से देवरे में ही विश्राम करने की जानकारी दी। घटना वाली रात में शराब के नशे में आकर सोया था रात में जागने पर भूख लगी तो प्रसाद के लिए मंदिर में गया जहां कुछ नहीं मिलने पर आवेश में आकर बाहर रखी ईंट से मूर्ति क्षतिठास्त करने की जानकारी दी।

### केमिकल से भरे टेंकर में लगी आग

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर-पिंड़वाड़ा हाइवे पर केमिकल से भरे टेंकर में गुरूवार सुब ह अचानक आग लग गई। जिसे दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार तड़के उदयपुर पिण्डवाड़ा हाइवे घसियार रोड़ पर पिण्डवाड़ा से उदयपुर की तरफ आ रहे केमिकल से भरे टेंकर के टायर में अचानक आग लगने के बाद फैल गई। इसको देख चालक व खलासी ने कूद कर अपनी जान बचाई। इधर सूचना मिलने पर हेडकांस्टैबल प्रकाशनाथ ने मौके पर पहुच कर हाइवे पर एक तरफा यातायात शुरू करवाया। जहां उदयपुर से पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने चार राण्ड कर करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू किया।

### एनसीसी प्रवेश की परीक्षा कल

भीण्डर, (निसं)। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में टू राज आरएण्डवी एनसीसी यूनिट नवानिया द्वारा एनसीसी एफएस में प्रवेश लेने के लिए 5 अक्टूबर शनिवार को परीक्षा आयोजित होगी। एनसीसी लेफ्टिनेंट दक्षा चौबीसा ने बताया कि 5 अक्टूबर सुबह 8.30 बजे से कॉलेज खेल ग्राउंड में एनसीसी एफएस सीट के लिए शारीरिक एवं लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।



# गौशाला में मंगल कामनाओं के साथ हुई घट स्थापना

**बांसवाड़ा/डूंगरपुर,** (निसं)। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर घट स्थापित कर नवशक्तियों का आव्हान किया गया। मां उमा निराश्रित बालिका गृह में बालिकाओं ने मां का दरबार सजाया। पंडित नवीन व्यास के सानिध्य में विधिविधान से घट स्थापित किया गया।

इस अवसर पर सीडब्ल्यूसी सदस्य पुष्पेन्द्र पंड्या ने कहा कि बालिकाएं शक्ति का स्वरुप है उन्हीं की इच्छा पर बालिका गृह में नौ दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे। संस्थापक नरोत्तम पंड्या ने बताया कि ये नौ दिन ऊर्जा देने वाले होते हैं इसीलिये देवीशक्ति की आराधना की जाती है। संस्थान के बांसवाड़ा व उदयपुर दोनों आश्रमों में नौ दिनों तक विधान एवं पूजा-अर्चना होगी। केयर टेकर माहेश्वरी भोई व सुरभि जैन ने माता के दरबार का आकर्षक श्रृंगार किया। मुख्य यजमान त्रिभुवन व माया व्यास ने घट स्थापना की। इस अवसर पर पवन जैन, हरिशंकर ठाकोर, डॉ. दीपक द्विवेदी, हेमंत उपाध्याय, दक्षा उपाध्याय, वीणा उपाध्याय, ट्विंकल भट्ट, सेजल पंचाल, रीना जोशी, अलका कुंवर, खुशबू चौहान आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विजेता पंचाल, अनिता यादव, शीला पंचाल एवं नारायण चरपोटा मौजूद रहे।

मंदारेश्वर मार्ग स्थित गौशाला में बड़ा रामद्वारा के संत रामप्रकाश स्नेही ने विधिविधान के साथ घट स्थापना की। पं. भुवन मुकुंद पंड्या के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापित किया गया। इस अवसर पर गौमाता की रक्षा, राष्ट्क समृद्धि एवं सनातन धर्म की पताका फहराने की कामना की गयी। पं. भुवन मुकुंद पंड्या ने बताया कि नौ दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे एवं अंतिम दिन कन्या पूजन किया जायेगा। संत रामप्रकाश ने कहा कि शक्ति पर्व पर हमें सात्विक विचारों के साथ सर्व मंगल की कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौमाता से ही हमारा देश इतना समृद्ध था कि घी-दूध की नदियां बहती थी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जयगिरिराज सिंह, राजन कोठारी, शारदा परमार, दिनेश पारगी, ओमप्रकाश महाराज आदि ने गौ पूजन किया।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार:** श्राद् पक्ष की समाप्ति के साथ ही गुरूवार को वैदिक मंत्रोच्चारों व शुभ मुहुर्त में दैवी मंदिर के प्रागंण में नवरात्रि स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव प्रारंभ हुए, वही जिले भर के शक्तिपीठों पर अनुष्ठान का दौर प्रारंभ हो गया। नवरात्रि स्थापना के अवसर पर शहर के फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर, अम्बामाता स्थित दैवी मंदिर,दर्जीवाडा स्थित खोडियालमाता मंदिर,भावसारवाडा स्थित हिंगलाजा मंदिर, कंसारा चौक स्थित कालीका मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित अम्बा माता मंदिर, पुलिस लाईन स्थित मॉ रूद्राणी देवी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी व हाउसींग बोर्ड स्थित जगदम्बा मंदिर में शुभ मुहुर्तो में नवरात्रि स्थापना की गई। इस अवसर पर जहां गरबा चौकों को आकर्षक रोशनी व फर्रियों से सजाया गया है। वही दैवी प्रतिमाओं की भी मनोहारी श्रृंगार किया जायेगा। नवरात्रि को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह है शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में वसुंधरा विहार स्थित नगर परिषद डूंगरपुर के तीर्थंकर पार्क में मातृ शक्ति ग्रुप डूंगरपुर की वसुंधरा विहार स्थित महिला विंग द्वारा पार्क में स्थापित माता सरस्वती जी की प्रतिमा की साफ -सफाई कर स्नान करवाकर साडी चुनरी ओढाई गई। फूल माला से श्रृंगार कर धूप दीप से आरती कर पूरी सीढियों पर दीप प्रज्वलित किए गए। इसके साथ ही गायत्री मंदिर परिसर में गरबा पंडाल सजा कर माता से नवरात्रि में आने का निमंत्रण दिया। पूरी वसुंधरा विहार कॉलोनी मातृ शक्ति द्वारा उसी पंडाल में गरबा नृत्य करने का निश्चय किया गया। इस अवसर पर मातृ शक्ति ग्रुप से शिल्पा जोशी, अंजना पाटीदार, संजना तंवर, हिमानी जोशी, मीना तेजवानी, श्वेता रावल, प्रतिमा शर्मा, वर्षा रावल, हिमानी पंड्या, मैना वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

**भीम संवाददाता के अनुसार :** शारदीय नवरात्र को लेकर कस्बे के पाटिया स्तिथि आशापुरा माता मंदिर पर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई। पुजारी भंवरलाल वैष्णव ने मां आशापुरा की प्रतिमा को विशेष रूप से श्रृंगारित कर पूजा अर्चना के साथ घट स्थापना की गई। इसी तरह ठिकरवास कालीमंगरी स्थित सेंड माता मंदिर पर शारदीय नवरात्र के दौरान हवन यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के साथ जावरा रोपण कर घट स्थापना की गई।

भोपाजी मिश्रीलाल गोरमात, हीरालाल गोरमात आदि ने सेंड माता की मूर्ति को वेस धारण कराकर ध्वजा चढ़ाते हुए हवन यज्ञ में आहुति देने के साथ ही जावरा रोपण किया गया।